जानलेवा गड्ढे का वीडियो वायरल : नवभारत की सूचना पर सांसद ने की पहल, कुछ घंटों में हुआ अमल

मामला सीधी-सिंगरौली एनएच-39 अमरपुर मोड़ कुबरी के पास मुख्य मार्ग की पुलिया में हुए गड्ढे का, सांसद से सूचना मिलने पर मौके में पहुंचे एनएचएआई के अधिकारी, भराया गया गड्ढा

नवभारत न्यूज

सीधी 5 जून। सीधी-सिंगरौली एनएच-39 अमरपुर मोड़ कुबरी के पास मुख्य मार्ग में जानलेवा गड्ढे के सोशल मीडिया में कुबरी निवासी आदर्श शुक्ला के वायरल वीडियो की नवभारत की सूचना पर सीधी सांसद द्वारा की गई पहल पर अमल करते हुए कुछ घंटो में ही जिम्मेदार विभाग एनएचएआई हरकत में आया और गड्ढे के सुधार का कार्य पूर्ण कर दिया गया।

यहां बताते चलें कि एनएच-39 सीधी-सिंगरौली मार्ग अंतर्गत अमरपुर मोड़ कुबरी के पास यह गड्ढा कई दिनों से है। जिसमें तीन दिन पहले एक गौवंश गिर गया था। जिसके बाद स्थानीय लोगों द्वारा गड्ढे के आसपास पत्थर रख दिया गया था। उस समय स्थानीय कुबरी निवासी आदर्श शुक्ला द्वारा सोशल मीडिया में जानलेवा गड्ढे का वीडियो डाला गया था लेकिन किसी जिम्मेदार विभाग व प्रशासन की इस गंभीर समस्या की ओर नजर नही पड़ी।

कल देर शाम पुनः आदर्श शुक्ला द्वारा सोशल मीडिया में गड्ढे से होने वाली गंभीर जानलेवा दुर्घटना का उल्लेख करते हुए वीडियो डाला गया। जिस पर हमारे नवभारत प्रतिनिधि ने देखा तो तत्काल इसकी सूचना कलेक्टर सीधी विकास मिश्रा एवं प्रभारी ईई एनएच रीवा/पीडब्ल्यूडी सीधी इंजी.अनामिका सिंह सहित सीधी सांसद डॉ.राजेश मिश्रा को वीडियो भेजकर दी गई। संवेदनशील सीधी सांसद डॉ.राजेश मिश्रा ने नवभारत प्रतिनिधि की सूचना को गंभीरता से लेते हुए आज सुबह तत्काल सार्थक पहल करते हुए उक्त वीडियो को एनएचएआई के अधिकारियों के वाट्सएप ग्रुप में भेजने के साथ जल्द से जल्द गड्ढे को सुधारने की बात कही गई। सांसद की पहले के बाद हरकत में आये एनएचएआई प्रोजेक्ट डायरेक्टर कटनी/जबलपुर आनंद प्रसाद द्वारा विभाग के अधिकारी एवं सड़क निर्माण एजेंसी को मौके पर जाकर तत्काल गड्ढे को सुधारने के निर्देश दिए गए हैं। सीधी सांसद डॉ.राजेश मिश्रा की पहल पर अमल करते हुए एनएचएआई प्रोजेक्ट डायरेक्टर के निर्देशानुसार कुछ ही घंटो में दोपहर तक गड्ढा भर दिया गया।

नवभारत की सूचना पर गंभीरता की गई पहल : डॉ .मिश्रा

सीधी सांसद डॉ .राजेश ने कहा कि सीधी-सिंगरौली एनएच-39 अमरपुर मोड़ कुबरी के पास मुख्य मार्ग में जानलेवा गड्ढे के सोशल मीडिया मेंकुबरी निवासी आदर्श शुक्ला के वायरल वीडियो की सूचना आज सुबह नवभारत प्रतिनिधि से मिली, सूचना को गंभीरता से लेते हुए तत्काल उक्त वीडियो को एनएचएआई के अधिकारियों के वाट्सएप ग्रुप में भेजने के साथ जल्द से जल्द गड्ढे को सुधारने की बात कही गई। जिसका परिणाम रहा ही कुछ ही घंटो में विभाग द्वारा गड्ढे को भर दिया गया है।

नवभारत एवं सांसद का धन्यवाद : आदर्श शुक्ला

सीधी-सिंगरौली एनएच-39 अमरपुर मोड़ कुबरी के पास मुख्य मार्ग में जानलेवा गड्ढे का वीडियो लगातार सोशल मीडिया में वायरल कर गंभीर दुर्घटना की संभावना होने से अवगत कराते हुए शासन-प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराने वाले कुबरी निवासी आदर्श शुक्ला ने कहा कि मेरे सोशल मीडिया डाले गये वीडियो को संज्ञान में लेकर सीधी सांसद डॉ .राजेश मिश्रा को सूचना देने के लिए नवभारत एवं सूचना पर तत्काल गंभीरता से अमल करने के लिए संवेदनशील सीधी सांसद डॉ .राजेश मिश्रा का मैं धन्यवाद ज्ञापित करता हूं।

इनका कहना है

सीधी-सिगंरौली एनएच-39 अमरपुर मोड़ कुबरी के पास मुख्य मार्ग में जानलेवा गड्ढे की जानकारी सीधी सांसद डॉ .राजेश मिश्रा के द्वारा विभाग के वाट्सएप ग्रुप में भेजने और उनके द्वारा फोन से सूचित करने पर तत्काल विभाग के फील्ड के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सड़क निर्माण एजेंसी से संपर्क कर जल्द से जल्द गड्ढे को भरा जाये। सुबह सूचना मिली थी और कुछ घंटे बाद ही गड्ढे को भर दिया गया।

आनंद प्रसाद, प्रोजेक्ट डायरेक्टर एनएचएआई-कटनी/जबलपुर

पौधरोपण एवं स्वच्छता सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त करने शपथ कार्यक्रम का आयोजन

नवभारत न्यूज

सीधी 5 जून। ठोस अपषिष्ठ प्रबंधन नियम 1 अप्रैल 2026 से देश के समस्त राज्यो/केन्द्र शासित प्रदेषो में प्रभावी हो गये है। इस संबंध में माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा सिविल अपील क्र. 6174/2023 में दिनांक 19 फरवरी, 29 अप्रैल एवं 5 मई 2026 को पारित आदेशो के माध्यम से नियमो के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु केन्द्रीय मंत्रालयों राज्य सरकारों तथा नगरीय निकायों को आवश्यक एवं व्यापक दिशा-निर्देश जारी किये गये है।

उक्त के अनुक्रम में विश्व पर्यावरण दिवस 2026 ग्लोबल कॉल फॉर क्लाइमेट एक्शन थीम पर मनाया जा रहा है। इस अवसर पर प्रदेश के समस्त नगरीय निकायों में निर्वाचन जनप्रतिनिधियों/प्रमुख फेसिलिटेटर्स को संवेदनशील एवं सक्षम बनाने के उद्देश्य से 5 जून से 12 जून तक विशेष साप्ताहिक अभियान आयोजन किया जायेगा। जिसके तारतम्य में आज 5 जून को संजय गांधी महाविद्यालय परिसर में स्थित नवग्रह पार्क में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित हुआ तथा स्वच्छता सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त करने की शपथ दिलायी गयी। कार्यक्रम में मुख्य रुप से नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती काजल वर्मा, उपाध्यक्ष दानबहादुर सिंह, पार्षदगण बाबूलाल कुशवाहा, रमेश साकेत, आनंद परियानी, श्रीमती पूनम सोनी, श्रीमती कुमुदनी सिंह, डिप्टी कलेक्टर एवं सीएमओ प्रिया पाठक, सिदार्थ श्रीवास्तव जिला सैनिक कल्याण अधिकारी तथा नपा के कर्मचारी, स्वसहायता समूह की महिलाए व अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में प्रश्नपत्र लीक मामले पर एनएसयूआई का विरोध

नवभारत न्यूज

सीधी 5 जून। पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस सीधी में बीए एवं बीकॉम तृतीय वर्ष के अंग्रेजी साहित्य विषय का प्रश्न पत्र लीक होने के मामले को लेकर छात्रों में नाराजगी देखी जा रही है।

घटना के बाद संबंधित परीक्षा को निरस्त कर पुनः आयोजित किए जाने के निर्णय ने छात्रों की मेहनत, समय और परीक्षा व्यवस्था की पारदर्शिता पर कई सवाल खड़े कर दिए हैं। मामले को गंभीरता से लेते हुए एनएसयूआई ने कॉलेज प्राचार्य को ज्ञापन सौंपकर निष्पक्ष एवं उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। एनएसयूआई जिलाध्यक्ष सौरभ सिंह के नेतृत्व में पहुंचे प्रतिनिधि मंडल ने कहा कि प्रश्नपत्र लीक होने की घटना शिक्षा व्यवस्था की विश्वसनीयता पर सीधा आघात है और इसकी गहन जांच कर दोषियों की पहचान की जानी चाहिए। ज्ञापन में मांग की गई है कि यह पता लगाया जाए कि प्रश्नपत्र किस स्तर से और किन व्यक्तियों की संलिप्तता के कारण लीक हुआ। संगठन का कहना है कि यह केवल प्रशासनिक चूक नहीं बल्कि एक गंभीर शैक्षणिक अपराध है जिसने हजारों छात्रों के भविष्य को प्रभावित किया है। एनएसयूआई ने मामले में संलिप्त सभी जिम्मेदार व्यक्तियों के विरुद्ध तत्काल एफआईआर दर्ज कर कठोर कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की है। संगठन का कहना है कि यदि ऐसे मामलों में समय रहते सख्त कदम नहीं उठाए गए तो शिक्षा व्यवस्था में छात्रों, अभिभावकों का विश्वास कमजोर होगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि छात्रों के हितों की रक्षा और निष्पक्ष परीक्षा व्यवस्था सुनिश्चित कराने के लिए संगठन लगातार संघर्ष करता रहेगा तथा आवश्यकता पड़ने पर आगे भी आंदोलनात्मक कदम उठाए जाएंगे।

पर्यावरण संरक्षण केवल कार्यक्रम नहीं बल्कि प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व : रीती

नवभारत न्यूज

सीधी 5 जून। विश्व पर्यावरण दिवस पर ग्राम मौहरिया कला में विधायक सीधी श्रीमती रीती पाठक के मुख्य आतिथ्य में पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन को समर्पित विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के अंतर्गत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर संचालित एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत छात्रावास परिसर में पौधारोपण किया गया। इसके साथ ही सूखा नदी में श्रमदान, वृक्ष पूजन, स्वच्छता अभियान तथा जनजागरूकता गतिविधियों का आयोजन कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक श्रीमती रीती पाठक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रारंभ किया गया एक पेड़ मां के नाम अभियान पर्यावरण संरक्षण को जन आंदोलन का स्वरूप दे रहा है। वहीं मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेशभर में जल, जंगल और जमीन के संरक्षण के लिए व्यापक स्तर पर कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकारी कार्यक्रम नहीं बल्कि प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व है। उन्होंने कहा कि पेड़-पौधे हमें शुद्ध वायु, औषधियां, फल-फूल, ईंधन, आवास और आजीविका प्रदान करते हैं। यदि प्रकृति सुरक्षित रहेगी तो मानव जीवन भी सुरक्षित रहेगा। आज बढ़ते तापमान, जलवायु परिवर्तन और प्राकृतिक आपदाओं के रूप में प्रकृति हमें चेतावनी दे रही है। ऐसे समय में हमें प्रकृति के अंधाधुंध दोहन को रोककर उसके संरक्षण और संवर्धन की दिशा में सामूहिक प्रयास करने होंगे। उन्होंने नागरिकों से अधिक से अधिक पौधारोपण करने, लगाए गए पौधों का संरक्षण करने तथा पर्यावरण संरक्षण को जनभागीदारी का अभियान बनाने का आह्वान किया। सीईओ जिला पंचायत शैलेन्द्र सिंह सोलंकी ने कहा कि छोटे-छोटे प्रयासों से बड़े परिणाम प्राप्त किए जा सकते हैं। उन्होंने संसाधनों के समुचित उपयोग पर बल देते हुए कहा कि किसी भी वस्तु को व्यर्थ न जाने दें। कार्यक्रम स्थल पर स्वास्थ्य विभाग, आयुष विभाग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संयुक्त रूप से स्वास्थ्य एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक परामर्श एवं दवाइयों का वितरण किया गया। आयुष विभाग द्वारा योग, प्राकृतिक चिकित्सा एवं स्वस्थ जीवनशैली के संबंध में जानकारी दी गई। वहीं महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा पोषण, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य तथा कुपोषण की रोकथाम संबंधी योजनाओं की जानकारी प्रदान कर हितग्राहियों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान सूखा नदी में श्रमदान कर स्वच्छता एवं जल संरक्षण का संदेश दिया गया। साथ ही वृक्ष पूजन कर प्रकृति के प्रति सम्मान व्यक्त किया गया। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण में विशेष योगदान देने वाले वृक्ष मित्रों तथा विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।

मेगा अपार दिवस का आयोजन

रामपुर नैकिन 5 जून। रामपुर नैकिन बीआरसीसी प्रकाश जायसवाल द्वारा बताया गया कि विकासखंड अंतर्गत स्कूलों में मेगा अपार दिवस हेतु राज्य शिक्षा केन्द्र का पत्र क्र.3234 भोपाल, दिनांक 29 मई 2026 के परिपालन में जिले की समस्त शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में 6 जून को मेगा अपार दिवस मनाया जा रहा है। उपरोक्त मेगा अपार दिवस में सभी अध्ययनरत छात्रों के अभिभावक संबंधित संस्था में अपनी सहमति प्रदान करते हुए जिन बच्चों की अपार आईडी नहीं बनी है संस्था प्रमुख के माध्यम से अपार आईडी बनवाएं। यह अत्यंत महत्वपूर्ण है, सौ प्रतिशत अपार पूर्ण किए जाना है। सभी अभिभावकों को अपने पाल्य का 30 दिवस में अपार आईडी बनवाया जाना अनिवार्य है।

योजनाओं का फीडबैक व समस्याओं के समाधान के लिए सीधी विधायक पहुंची पार्टी कार्यालय

नवभारत न्यूज

सीधी 5 जून। भारतीय जनता पार्टी म.प्र. के प्रदेश अध्यक्ष डॉ.हेमंत खंडेलवाल के निर्देशानुसार मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार की तीन सैकड़ा से अधिक जनकल्याण की योजनाएं संचालित है जिसका लाभ जन-जन तक सुनिश्चित हो एवं कार्यकर्ताओं की समस्या समाधान हेतु सीधी विधायक श्रीमती रीती पाठक पार्टी कार्यालय में घंटो बैठकर पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं से चर्चा की।

कार्यकर्ताओं की चर्चा एवं समस्याओं के समाधान के पश्चात सीधी विधायक श्रीमती रीती पाठक ने मीडिया से रूबरू होते हुए कहा कि ऐसा पुण्य का कार्य केवल भाजपा में ही संभव है। मुझे भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता होने पर गर्व है। कार्यकर्ताओं से प्रदेश एवं केन्द्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का फीडबैक प्राप्त किया एवं उनकी समस्याएं सुनी, साथ में उसका समाधान भी किया। कुछ समस्याओं का समाधान तात्कालिक हो गया। कुछ को वरिष्ठ अधिकारियों को समस्या समाधान हेतु निर्देशित किया गया है। इस शानदार अभिनव पहल के लिए विधायक श्रीमती रीती पाठक ने प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल एवं मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया है। पूरे समय उपस्थित रहने वाले भाजपा जिलाध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान ने बताया कि भाजपा जिला कार्यालय में कार्यकर्ताओं की समस्याओं के समाधान हेतु एवं उनके द्वारा अपेक्षित जनहित लोक कल्याण व विकास के विषयों को गति देने के लिए प्रत्येक माह नियमित रूप से सप्ताह के सोमवार से शुक्रवार तक सांसद, विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष एवं संगठनात्मक विषयों के लिए जिला पदाधिकारी की बैठक व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित करने के उद्देश्य सहयोग सेल का गठन किया गया है।

शत-प्रतिशत अपार आईडी बनाना अनिवार्य

नवभारत न्यूज

सीधी 5 जून। कलेक्टर विकास मिश्रा ने सभी शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों की शत-प्रतिशत अपार आईडी तैयार किए जाने के निर्देश दिए हैं।

इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए 1 जून से 30 जून तक प्रत्येक शनिवार को जिलेभर में मेगा अपार दिवस आयोजित किया जाएगा। इन शिविरों में अपार आईडी से वंचित विद्यार्थियों के अभिभावकों को विद्यालयों में आमंत्रित कर नामांकन एवं अपार आईडी निर्माण की प्रक्रिया पूर्ण कराई जाएगी। कलेक्टर ने बताया कि विकासखंडवार अपार आईडी विहीन विद्यार्थियों की विद्यालयवार सूची संबंधित विकासखंड शिक्षा अधिकारियों, विकासखंड स्त्रोत समन्वयकों तथा शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के प्राचार्यों एवं प्रधानाध्यापकों को उपलब्ध कराई जा रही है। विद्यालयों को निर्देश दिए गए हैं कि वे यू-डायस पोर्टल के आधार पर ऐसे विद्यार्थियों को दो श्रेणियों में चिन्हित करें- एक जिनके पास आधार कार्ड उपलब्ध है लेकिन अपार आईडी नहीं बनी है तथा दूसरे, जिनके पास आधार कार्ड भी उपलब्ध नहीं है।

कलेक्टर ने नवानगर का निरीक्षण कर लिया जायजा, दिए आवश्यक निर्देश

नवभारत न्यूज

सीधी 5 जून। कलेक्टर विकास मिश्रा ने गुरुवार को जल स्वावलंबी ग्राम नवानगर का निरीक्षण कर जल संरक्षण एवं भू-जल संवर्धन के लिए किए जा रहे कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों एवं ग्रामीणों के साथ चर्चा करते हुए जल स्तर बढ़ाने और वर्षा जल के अधिकतम संचयन के लिए विभिन्न नवाचारों को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने ग्राम में निर्मित छोटे-छोटे स्टॉप डेम, जल अवरोधक संरचनाओं तथा वाटर रिचार्ज के लिए किए जा रहे कार्यों का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि जल संकट के स्थायी समाधान के लिए वर्षा जल को गांव में ही रोकना और उसे भू-जल स्तर बढ़ाने में उपयोग करना आवश्यक है। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्राकृतिक जल स्त्रोतों एवं बहाव मार्गों का वैज्ञानिक तरीके से उपयोग करते हुए उन्हें कूपों एवं हैंडपंपों से जोड़ा जाए, जिससे भू-जल का पुनर्भरण हो सके और गर्मी के मौसम में भी पेयजल स्त्रोतों की उपलब्धता बनी रहे। उन्होंने जल स्त्रोतों के डायवर्जन तथा रिचार्ज संरचनाओं के निर्माण कार्यों में गुणवत्ता और स्थायित्व सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कार्यों की नियमित निगरानी करने तथा वर्षा ऋतु से पूर्व सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए।

प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता ही समृद्ध और सुरक्षित भविष्य की कुंजी : डॉ .राजेश

जल गंगा संवर्धन अभियान में किया श्रमदान, अमृत सरोवर में पूजा-अर्चना, एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत किया पौधरोपण

नवभारत न्यूज

सीधी 5 जून। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जनपद पंचायत मझौली की ग्राम पंचायत टिकरी में जल संरक्षण, पर्यावरण संवर्धन एवं जनजागरूकता को समर्पित विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सांसद डॉ.राजेश मिश्रा ने सहभागिता करते हुए जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत श्रमदान किया तथा अमृत सरोवर तालाब में विधिवत पूजा-अर्चना कर जल संरक्षण के प्रति सामूहिक संकल्प को सशक्त किया।

इसके पश्चात उन्होंने ग्राम पंचायत टिकरी स्थित गौशाला में गौमाता की पूजा-अर्चना की तथा विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान आयोजित चित्रकला एवं क्विज प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सांसद डॉ.मिश्रा ने पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। प्रतियोगिताओं के माध्यम से बच्चों ने जल संरक्षण, पर्यावरण सुरक्षा, स्वच्छता और प्राकृतिक संसाधनों के महत्व को रचनात्मक ढंग से प्रस्तुत किया। सांसद ने बच्चों की प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण की चेतना नई पीढ़ी के माध्यम से ही समाज में व्यापक रूप से स्थापित की जा सकती है। इस अवसर पर सांसद डॉ.राजेश मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में जल संरक्षण, पर्यावरण संवर्धन और प्रकृति के प्रति संवेदनशील विकास की अवधारणा को जनआंदोलन का स्वरूप दिया गया है। प्रधानमंत्री द्वारा प्रारंभ किया गया एक पेड़ मां के नाम अभियान आज पूरे देश में प्रकृति संरक्षण का प्रेरणास्त्रोत बन चुका है। वहीं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान, जल संरचनाओं के पुनर्जीवन और व्यापक वृक्षारोपण के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण को नई गति मिली है। सांसद ने कहा कि जल केवल प्राकृतिक संसाधन नहीं, बल्कि जीवन का आधार है। यदि आज जल स्त्रोतों का संरक्षण नहीं किया गया तो आने वाली पीढ़ियों को गंभीर संकट का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने ग्रामीणों से तालाबों, कुओं और अन्य जल संरचनाओं के संरक्षण तथा वर्षा जल संचयन को जनभागीदारी के माध्यम से सफल बनाने का आह्वान किया। उन्होंने उपस्थित जनसमुदाय से जल सुरक्षित मध्यप्रदेश, हरित मध्यप्रदेश तथा विकसित भारत के निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने का आग्रह किया।

कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य कृष्णलाल पयासी, प्रदीप शुक्ला, सरपंच तिलकराज सिंह, के .के .मिश्र, एसडीएम मझौली आर .पी .त्रिपाठी, जनप्रतिनिधिगण, प्रशासनिक अधिकारी, शिक्षकगण, छात्र-छात्राएं एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। जल संरक्षण, पर्यावरण संवर्धन, गौसेवा एवं जनभागीदारी के संदेश से परिपूर्ण यह आयोजन विश्व पर्यावरण दिवस पर क्षेत्रवासियों के लिए प्रेरणादायी एवं स्मरणीय रहा।